# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

सम्पदा कार्यालय (कक्ष सं 101डी, संकाय भवन) फोन नं 0512-259-7166

## नीलामी सूचना संख्या - 01/2020-21

दिनांक: 11.05.2019

निदेशक, भा.प्रौ.सं. कानपुर की ओर से संस्थान परिसर में हवाई पट्टी के पीछे स्थित बगिया मे लगे **आम के फलों** की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रम सं. | नाम | पेड़ो की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | आम का फल | 39 नग |

इच्छुक व्यक्ति पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा संस्थान के सम्पदा कार्यालय में दिनांक 27.05.2019 को अपराह्न 4.00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरांत प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि व समय की सूचना बोलीदाताओं को अलग से दी जाएगी।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वैबसाइट www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह.
सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी (सम्पदा कार्यालय)

**प्रतिलिपि:**

1- डीन, प्रशासन
2- अधीक्षण अभियंता, सं.नि.वि. – व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु
3- सूचना पट्ट
4- वैबसाइट

**पात्रता संबंधी शर्ते:**

1. निविदाकार पिछले तीन वर्षो से इस प्रकार के फलों की खरीद व विक्री का कार्य कर रहा हो।
2. निविदाकर्ता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।

**निविदा संबन्धित अनिवार्य संलग्नक:**

3. आधार कार्ड की छायाप्रति
4. पिछले एक साल का बैंक विवरण
5. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र / पैन नंबर की छायाप्रति

## नीलामी की नियम व शर्तें

1. यह नीलामी केवल वित्तीय वर्ष 2020-21 के फलों के लिए है।
2. नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक निविदाकर्ता, निविदा प्रपत्र के साथ रू. 5000/- का बैंक ड्राफ्ट 'रजिस्ट्रार आई.आई.टी. कानपुर' के नाम बयाने के रूप मे संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदाकर्ता रू. 5000/- का ड्राफ्ट संलग्न नहीं करता है नो उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. इच्छुक निविदादाता संस्थान के सम्पदा कार्यालय में संपर्क कर दिनांक 18.05.2020 से 26.05.2020 तक के कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे के मध्य उक्त फलों का भौतिक निरीक्षण कर सकते हैं।
4. इच्छुक निविदादाता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा को सम्पदा कार्यालय मे दिनांक 27.05.2020 को अपराह्न 4:00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को दी जाएगी।
6. सफल निविदादाता को नीलामी की धनराशि संस्थान मे ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान (digital payment) के माध्यम से नीलामी के दो दिनों के अंदर जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति मे , बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
7. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को नीलामी में प्राप्त फलों को , नीलामी की धनराशि संस्थान मे जमा करने के उपरांत, तोड़ने व ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
8. नीलामी के पश्चात फलों के रखवाली की ज़िम्मेदारी स्वयं निविदाकर्ता की होगी।
9. यदि निविदाकर्ता द्वारा वृक्षों को किसी प्रकार की हानि पहुचाई जाती है तो उसकी निविदा को तत्काल प्रभाव से रद्द करके उसके विरुद्ध उचित कार्यवाई की जाएगी।
10. उक्त फलों को एक दिन के लिए संस्थान परिसर में बाजार भाव से 25% छूट पर बेचना अनिवार्य होगा।
11. जीएसटी @ 18% या मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा । कोई अन्य कर जो लागू हो का भुगतान भी निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा।
12. सफल निविदाकर्ता प्राप्त नीलामी को उप-पट्टे पर नहीं दे सकता है। इस कार्यालय को निविदा के उप-पट्टे के बारे मे जानकारी होने की स्थिति में उक्त नीलामी को रद्द कर दी जाएगी तथा पूरी जमा राशि जब्त कर ली जाएगी।
13. नीलामी के दौरान या उसके पश्चात किसी प्राकृतिक आपदा / चोरी / छुटपुट चोरी पक्षियों / जानवरों / कीड़ो इत्यादि से होने वाली नुकसान के लिए संस्थान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी और न ही ऐसे मामलों में कोई क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

_________________________

निविदादाता के हस्ताक्षर

14. सफल निविदाकर्ता द्वारा फलो को पेड़ से तुड़वाने का कार्य स्वयं के द्वारा या मजदूरो द्वारा कार्यदिवस मे बाग के प्रभारी / पर्यवेक्षक की देखरेख मे किया जाएगा।

15. निविदाकर्ता द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का ड्राफ्ट नीलामी संबन्धित प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत वापस किया जाएगा।

16. संशतन के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी भी अथवा सभी निविदा बोली को बिना कारण बताए स्वीकार करे अथवा न करे।

मैने उपरोक्त नीलामी की सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली हैं तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है इस नीलामी के सम्बन्ध में संस्थान निदेशक का निर्णय सभी निविदादाताओं को समान रूप से मान्य होगा।

निविदा देने की तारीख : ..........................

निविदादाता का छायाचित्र

निविदादाता के हस्ताक्षर

निविदादाता का पूरा नाम व पता

(पिन कोड एवं फोन / मोबाइल नं0 सहित)

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

निविदादाता के हस्ताक्षर

सेवा में,
सहायक कुलसचिव व
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय
भा.प्रौ.सं. कानपुर

विषय – संस्थान परिसर मे स्थित हवाई पट्टी के पीछे में लगे आम फलों की नीलामी हेतु निविदा।

महोदय,

मै नीलामी सूचना संख्या 01/2020-21 दिनॉक 11.05.2020 के सम्बन्ध में अपनी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूॅं।

निविदादाता का नाम ........................................................................................................................

पिता का नाम ........................................................................................................................

आयु ........................................................................................................................

पूरा पता ........................................................................................................................

........................................................................................................................

क्या आपने ₹5,000/- का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप मे इस निविदा के साथ संलग्न किया है? हाँ / नहीं

यदि हॉ तो ड्राफ्ट सं. ......................... दिनॉक ............................एवं बैंक का नाम..................................................

**उक्त नीलामी की राशि जो आप उपरोक्त आम फलों की खरीद हेतु देना चाहते हैं।**

(अंको मे) ........................................................................................................................

(शब्दों में) ........................................................................................................................

मुझे संस्थान द्वारा रखी गई सभी शर्ते जिसमें निविदाओं का अस्वीकृत होना भी सम्मिलित है मान्य है।

दिनांक: ....................

निविदादाता के हस्ताक्षर: .............................................

निविदादाता का नाम: .............................................

मोबाइल नं.: .............................................

निविदादाता के हस्ताक्षर